51 से 70 लाख तक होता है खर्च, पुराने जमे अधिकारी हुए है बेलगाम, रोज बनती है भ्रष्टाचार की नई कहानी

निगम का खजाना खाली, डीजल खर्च बेहिसाब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

नगर निगम की आर्थिक बदहाली, बढ़ते खर्च और कथित अनियमितताओं के बीच अब वाहनों पर खर्च होने वाले डीजल की खपत भी सवालों के घेरे में है। शहर की सफाई व्यवस्था से लेकर अधिकारियों के वाहनों, विद्युत शाखा और अग्निशमन वाहनों के संचालन तक हर महीने लाखों रुपये डीजल और पेट्रोल पर खर्च किए जा रहे हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वाहनों के ईंधन पर किसी महीने करीब 51 लाख रुपये खर्च होते हैं, तो किसी महीने यह आंकड़ा 70 लाख रुपये तक पहुंच जाता है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर नगर निगम के वाहनों के संचालन पर इतना भारी-भरकम खर्च क्यों हो रहा है? क्या ईंधन की खपत का नियमित आकलन किया जा रहा है?

क्या वाहनों की लॉगबुक, किलोमीटर और डीजल की खपत का मिलान होता है? और सबसे अहम सवाल यह है कि खर्च कम करने की योजनाओं पर अमल कब होगा?नगर निगम जनता से मिलने वाले कर और अन्य राजस्व से शहर की व्यवस्थाएं संचालित करता है। ऐसे में प्रत्येक रुपये का खर्च पारदर्शी और जवाबदेह होना चाहिए। लेकिन जब एक ओर निगम की आर्थिक स्थिति को लेकर सवाल उठते हैं और दूसरी ओर ईंधन पर लाखों रुपये खर्च होने की जानकारी सामने आती है, तो इस पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा की आवश्यकता महसूस होती है।

1300 लीटर डीजल की रोजाना खपत, फिर भी खर्च पर नियंत्रण नहीं



नगर निगम के शहर में चलने वाले कचरा संग्रहण वाहनों पर ही प्रतिदिन लगभग 1300 लीटर डीजल खर्च होने की जानकारी सामने आई है। इसके अतिरिक्त अधिकारियों के वाहनों, विद्युत शाखा के वाहनों और फायर ब्रिगेड सहित अन्य वाहनों के लिए भी ईंधन की जरूरत पड़ती है। इन सभी मदों को जोड़ने पर निगम का मासिक खर्च काफी बड़ा हो जाता है।यहां सवाल केवल डीजल की खपत का नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन का भी है। क्या प्रत्येक वाहन के लिए प्रतिदिन तय दूरी और ईंधन की सीमा निर्धारित है? क्या वाहन कितने किलोमीटर चला और उसमें कितना डीजल खर्च हुआ, इसका नियमित सत्यापन होता है? यदि इन व्यवस्थाओं का प्रभावी ढंग से पालन किया जा रहा है, तो फिर खर्च में इतनी बड़ी घट-बढ़ के कारणों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता?नगर निगम प्रशासन को प्रत्येक वाहन की श्रेणी, उसकी औसत ईंधन खपत, तय रूट और वास्तविक संचालन के आधार पर खर्च का विवरण तैयार करना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पैसा कहां और किस उद्देश्य से खर्च हो रहा है।

मौसम तय करता है खर्च, दीवाली के आसपास कचरे के साथ भ्रष्टाचार भी बढ़ता है बेहिसाब

नगर निगम के वाहनों पर होने वाले खर्च में गर्मी के मौसम में बढ़ोतरी होने की बात कही जा रही है। गर्मियों में सफाई, कचरा संग्रहण और अन्य नागरिक सेवाओं के लिए वाहनों की आवाजाही बढ़ सकती है। इससे डीजल की खपत में भी वृद्धि संभव है। यही वजह बताई जाती है कि किसी महीने खर्च कम रहता है, जबकि किसी महीने यह 70 लाख रुपये तक पहुंच जाता है।हालांकि, मौसम को खर्च में वृद्धि का एक कारण माना जा सकता है, लेकिन केवल मौसम के आधार पर लाखों रुपये के अंतर को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसके लिए तुलनात्मक आंकड़े जरूरी हैं। मसलन, गर्मियों और सामान्य मौसम में वाहनों ने कितने किलोमीटर की दूरी तय की, कितने अतिरिक्त चक्कर लगाए और प्रत्येक वाहन की ईंधन खपत में कितना अंतर आया?यदि निगम के पास इन सवालों के जवाब देने वाले रिकॉर्ड उपलब्ध हैं, तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इससे न केवल खर्च की वास्तविक स्थिति सामने आएगी, बल्कि किसी भी प्रकार की संभावित अनियमितता की पहचान करना भी आसान होगा।

इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना कागजों में, डीजल पर निर्भरता बरकरार

ईंधन पर बढ़ते खर्च को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पर भी चर्चा होती रही है। इसके बावजूद नगर निगम की निर्भरता अब तक डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों पर बनी हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद, चार्जिंग व्यवस्था और संचालन से जुड़ी योजनाओं को पूरी तरह लागू करने में समय लग रहा है।निगम के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 14 इलेक्ट्रिक वाहन भी हैं, हालांकि इनके वास्तविक उपयोग, संचालन और उनसे होने वाली बचत का स्पष्ट विवरण सामने आना जरूरी है। यदि इन वाहनों से ईंधन खर्च में राहत मिल रही है, तो उसका तुलनात्मक ब्यौरा भी सार्वजनिक होना चाहिए।इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से पहले उनके उपयोग की जरूरत, बैटरी क्षमता, चार्जिंग सुविधाओं और संचालन लागत का आकलन करना जरूरी है। लेकिन योजना बनाकर उसे लंबे समय तक फाइलों में सीमित रखना समस्या का समाधान नहीं है। निगम को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या लक्ष्य तय किए गए हैं और उन्हें पूरा करने की समयसीमा क्या है।

सौर ऊर्जा से बिजली खर्च घटाने की तैयारी

डीजल के अलावा नगर निगम पर बिजली बिल का भी आर्थिक बोझ है। शहर की सफाई व्यवस्था और अन्य कार्यों के साथ कार्यालयों तथा विभिन्न सुविधाओं के संचालन में बिजली का उपयोग होता है। इस खर्च को कम करने के लिए सौर ऊर्जा जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।सौर ऊर्जा का उपयोग बिजली खर्च कम करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इसके लिए ठोस कार्ययोजना, निर्धारित बजट और नियमित निगरानी आवश्यक है। निगम को यह बताना चाहिए कि सौर ऊर्जा संबंधी योजनाओं पर कितना काम हुआ है, कितनी बचत का लक्ष्य रखा गया है और वर्तमान में इस दिशा में क्या प्रगति है।सिर्फ योजनाओं की घोषणा से आर्थिक बोझ कम नहीं होगा। इसके लिए समयबद्ध क्रियान्वयन और परिणामों का सार्वजनिक आकलन जरूरी है।

भ्रष्टाचार के आरोपों क्या कसेगा शिकंजा!

नगर निगम में विभिन्न मामलों को लेकर समय-समय पर अनियमितताओं के आरोप सामने आते रहे हैं। आरोपों और शिकायतों के बावजूद कार्रवाई की गति को लेकर सवाल उठते हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी होती रही है कि कई मामले सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ ठोस कदम उठते दिखाई नहीं देते। हालांकि, प्रत्येक मामले में आरोपों की पुष्टि जांच और दस्तावेजों के आधार पर ही की जा सकती है।निगम की कार्यप्रणाली को लेकर उठने वाले सवाल केवल डीजल खर्च तक सीमित नहीं हैं। लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों की भूमिका, ठेकों की प्रक्रिया, कर्मचारियों की नियुक्तियों और पदोन्नतियों से जुड़े आरोपों की भी निष्पक्ष जांच की मांग उठती रही है। यदि इन मामलों में शिकायतें या दस्तावेज उपलब्ध हैं, तो प्रशासन को उनकी जांच कराकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या निगम में खर्च की निगरानी और जिम्मेदारी तय करने की व्यवस्था प्रभावी है? यदि किसी वाहन के ईंधन खर्च में असामान्य वृद्धि होती है, तो उसका जवाब कौन देगा? यदि रिकॉर्ड और वास्तविक खपत में अंतर मिलता है, तो कार्रवाई किस स्तर पर होगी? और यदि कोई अनियमितता नहीं है, तो निगम अपने आंकड़ों के माध्यम से स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करता?इन सवालों का जवाब केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि पारदर्शी रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच से ही मिल सकता है।

निगम की आर्थिक सेहत बेहद पतली, जवाबदेही तय करना जरूरी

नगर निगम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ रखना, नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और सार्वजनिक धन का जिम्मेदारी से उपयोग करना है। लेकिन जब ईंधन पर हर महीने लाखों रुपये खर्च होने की जानकारी सामने आती है, तो यह जरूरी हो जाता है कि खर्च की समीक्षा केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए।नगर निगम प्रशासन को पिछले दो वर्षों के डीजल-पेट्रोल खर्च, वाहनवार खपत, ईंधन खरीद के बिल, लॉगबुक, किलोमीटर रिकॉर्ड और संबंधित भुगतान का ऑडिट कराना चाहिए। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा से खर्च कम करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो नियमानुसार जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, यदि खर्च में वृद्धि वास्तविक जरूरतों के कारण हुई है, तो उसके तथ्य भी जनता के सामने रखे जाने चाहिए।आखिर सवाल जनता के पैसे का है। नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए केवल नए प्रस्ताव और योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं। खर्च पर नियंत्रण, पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी हैं। अब देखना यह है कि नगर निगम प्रशासन डीजल खर्च के आंकड़ों की जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाता है या फिर लाखों रुपये के इस खर्च पर सवाल पहले की तरह अनुत्तरित ही रह जाते हैं।

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और धोखाधड़ी का आरोप

आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर बनाया प्रेम संबंध, पहले से शादीशुदा होने की बात छिपाकर दिया धोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाली एक युवती ने युवक पर शारीरिक शोषण और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीड़िता पिछले लगभग 2 वर्षों से वार्ड क्रमांक 14 जुन्नारदेव में अभिषेक पारे के मकान में किराए के कमरे में रहती है और घर-घर जाकर झाड़ू-पोछा सफाई का काम करती है। मकान मालिक अभिषेक पारे के घर पिकअप गाड़ी है, जिसका ड्राइवर पंकज बानवंशी निवासी बिलावरखुर्द है। मकान मालिक के घर आना-जाना होने के कारण पीड़िता की पहचान पंकज बानवंशी से हुई थी।

शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध

पीड़िता का आरोप है कि करीब 4 महीने पहले पंकज ने उससे बातचीत के दौरान शादी करने की इच्छा जताई थी, जब पीड़िता ने उसके बारे में पूछा, तो आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई। आरोप है कि दिनांक 30 अगस्त 2026 को शाम करीब 5 बजे आरोपी पंकज पीड़िता के कमरे पर आया और उससे शादी करने का वादा करते हुए शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोपी के वादे पर भरोसा किया, जिसके बाद आरोपी लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

धोखे का खुलासा और तबीयत बिगड़ने पर उत्पीड़न



पीड़िता के अनुसार, कुछ हफ्तों बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी और अत्यधिक पेट दर्द की शिकायत हुई, जब उसने कई बार पंकज को फोन कर इस बारे में बात करनी चाही, तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और बातचीत बंद कर दी, इसके बाद पीड़िता ने अपना इलाज कराया। जब स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार हुआ, तो पीड़िता ने दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को पंकज से इस संबंध में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने सच्चाई बयां करते हुए खुलासा किया कि वह पहले से ही शादीशुदा है, आरोपी ने यह भी कहा कि वह उससे शादी नहीं करेगा और झूठा वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और शादी करने की जिद की, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना से आहत होकर पीड़िता ने मकान मालिक अभिषेक पारे को पूरी बात बताई, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर जांच और कार्यवाही शुरू कर दी है।

नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन, 15 फरार और 9 स्थायी वारंटी गिरफ्तार कर कबाड़ियों के ठिकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

जिलेवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने बीती रात एक बड़ा अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विदिता डागर के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद के मार्गदर्शन में 25 और 26 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित किया गया। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 15 फरार वारंटियों और 9 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

विशेष टीमों ने की सघन चेकिंग



अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए गए इस अभियान में 2 राजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 20 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 24 वारंटी (15 फरार एवं 09 स्थायी) दबोचा। 18 गुंडा बदमाशों और 10 निगरानी बदमाशों के ठिकानों की भौतिक रूप से चेकिंग की गई। अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए 10 कबाड़ियों की दुकानों और गोडाउन की भी बारीकी से जांच की गई।

आम नागरिकों में सुरक्षा का संदेश

नवागत पुलिस अधीक्षक विदिता डागर ने कार्यभार संभालते ही अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के अभियानों का मुख्य उद्देश्य फरार आरोपियों की धरपकड़ करना, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना और आम नागरिकों के मन में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करना है।

सांसद ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जंयती पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपने पवित्र महाकाव्य रामायण के माध्यम से मानवता को सत्य, धर्म, न्याय और कर्तव्य का जो संदेश दिया है, वह सदा हमारे जीवन को मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि रामायण के रचयिता त्रिकालदर्शी महर्षि भगवान वाल्मीकि जी ने अपने महान विचारों और आदर्शों के माध्यम से समाज को ज्ञान एवं सदाचार का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें मानवता, समरसता और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

सात मरीजों को मिली 3 लाख 55 हजार की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 7 मरीजों को 3 लाख 55 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि मिलने से सातों मरीजों का ईलाज हो सकेगा।

सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा के बसुरिया खुर्द निवासी सुदभन पिता बंजारी यादव को 65 हजार एवं पांढुर्णा के ग्राम आजनगांव निवासी रामभाउ पिता गुलाबराव सालबर्डे को 50 हजार की राशि दी है, इन दोनों मरीजों को छिंदवाड़ा के अस्पतालों में इलाज होगा,

वही छिन्दवाड़ा निवासी सतीश पिता गंगाधर सूर्यवंशी को 45 हजार, जमुनिया के ग्राम सुरला निवासी नुमेश पिता कौशल साहू को 50 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम बुढेना निवासी घनश्याम पिता ब्रजभान उईके को 50 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम करमोही बंधी निवासी यश पिता संतोष चंदेल को 45 हजार एवं बिछुआ निवासी विजय पिता मनीराम नागरे को 50 हजार की राशि स्वीकृत की है, इन पांचों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा।

27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण बहाली के लिए आज महासंगम रैली

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की बहाली एवं सामाजिक न्याय की मांग को लेकर मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से पवार मंगल भवन, चंदनगाँव, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में सर्वजातीय ओबीसी महासंगम एवं रैली आयोजित की जाएगी। महासंगम के आयोजकों ने बताया कि 9 अक्टूबर 2026 को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा ओबीसी आरक्षण संबंधी निर्णय दिए जाने के बाद समाज में चिंता व्याप्त है। वर्ष 2019 से लंबित आरक्षण विवाद के कारण प्रभावित अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा तथा 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली के लिए एकजुट होकर आवाज उठाना आवश्यक है। आयोजन प्रभारी केशव साहू एवं अधिवक्ता देवेंद्र वर्मा ने कहा कि यह आंदोलन पूर्णतः गैर - राजनीतिक है।

राजनीतिक असफलताओं की हताशा में मर्यादा लांघ रहा कांग्रेस नेतृत्व : यादव

छिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के संदर्भ में की गई कथित अभद्र टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार राजनीतिक असफलताओं के चलते कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी में शालीनता, संयम और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का निरंतर अवमूल्यन होता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में वैचारिक दृढ़ता और तार्किक आलोचना अपेक्षित होती है, किंतु व्यक्तिगत एवं पारिवारिक गरिमा को निशाना बनाना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के सर्वथा प्रतिकूल है।



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि जब राजनीतिक विमर्श तथ्यों और तर्कों के स्थान पर व्यक्तिगत आक्षेपों तक सिमटने लगे, तब यह संबंधित नेतृत्व की राजनीतिक दिशा और संवाद की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस करने के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियों को राजनीतिक अभिव्यक्ति का माध्यम क्यों बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, निर्णयों और कार्यशैली की आलोचना करना विपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन आलोचना और अपमान के बीच की मर्यादित रेखा का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा के साथ भाषा की शुचिता और विचारों की परिपक्वता बनाए रखना प्रत्येक राजनीतिक नेतृत्व का नैतिक दायित्व है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि राजनीति में वैचारिक सामर्थ्य का परिचय तर्कों से दिया जाता है।

कांग्रेस ने रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई



छिन्दवाड़ाः- राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पवित्र ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने आदिकवि के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया। इस दौरान सम्पूर्ण कांग्रेस भवन महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से गूंज उठा। कांग्रेस के वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति में उनके विशेष स्थान का उल्लेख है। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की ओर से समस्त नगर व जिलेवासियों को भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है संस्कृत भाषा के पहले कवि, उन्होंने अपने वनवास के दौरान भगवान श्रीराम से बातचीत की और बाद में माता सीता को अपने आश्रम में आश्रय दिया।

जल, जंगल और जमीन के अधिकारों पर इमलीखेड़ा गोटूल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

ग्रामसभा में पूर्ण कोरम के साथ प्रस्ताव पारित करना अधिकार प्राप्त करने के लिए अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

इमलीखेड़ा गोटूल छिंदवाड़ा में वनाधिकार मान्यता कानून 2006 एवं पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 तथा मध्यप्रदेश पेसा नियम, 2022 के अंतर्गत जल, जंगल, जमीन और ग्रामसभा के अधिकारों पर आज एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वनाधिकार कानून एवं पेसा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना, ग्रामसभा की शक्तियों एवं अधिकारों को समझना तथा आदिवासी समुदायों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक मंडला से कमल किशोर आर्मो, छत्तीसगढ़ से संदीप सलाम एवं जिला छिंदवाड़ा के पेसा जिला समन्वयक कमलेश टेकाम ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की प्रिंसी का एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

तलवारबाजी में बेटियों ने दिखाया दम, 10 पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा की बालिका खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। भोपाल में 22 से 26 अक्टूबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की 12 बालिका खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक हासिल किए। इनमें 2 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. प्रिंसी बन्देवार का



एसजीएफआई राष्ट्रीय स्तर की तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशन में आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत जिले की 12 बालिका खिलाड़ियों ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मिनी वर्ग की खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए, जबकि जूनियर एवं सीनियर बालिका खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रकार उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की बालिका खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने जनजातीय कार्य विभाग की खेल गतिविधियों और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों को भी नई पहचान दी है।

प्रिंसी का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. प्रिंसी बन्देवार का एसजीएफआई राष्ट्रीय स्तर की तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि जिले के लिए विशेष गौरव का विषय है। प्रिंसी के चयन से अन्य छात्राओं को भी खेलों में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की प्रेरणा मिलेगी।

विशेष खेल कार्ययोजना से मिल रहे सकारात्मक परिणाम

जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार खिलाड़ी लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। विभाग के डीएसओ श्री अनुरोध शर्मा ने बताया कि इस सत्र में विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियां विगत सत्रों की तुलना में बेहतर रही हैं। विभाग द्वारा इस वर्ष विशेष कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्य किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

171 मरीजों का उपचार, 9 गंभीर मरीजों को किया रेफर

भाजपा शिवपुरी मंडल के ग्राम बारंगातेली में किया गया 40 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन की श्रृंखला में भाजपा शिवपुरी मंडल के ग्राम बारंगातेली में 40वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 171 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 83 महिलाओं व बालिकाओं और 78 पुरूषों व युवाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। वहीं 09 गंभीर मरीज को छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, भाजपा शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल सहित अन्य अतिथियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। ग्राम बारंगातेली में आयोजित 40 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले हर उस जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाये जो उनके लिए बनाई गयी है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के बनने के बाद ही संभव हो सका है। अब लोगों के खातों में सीधे राशि भेजकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल ने भी लोगों को शिविर से संबंधित जानकारी दी।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिज़वान कुरैशी ने लोगों को कहा कि सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अभी तक हजारों लोगों का उपचार करके उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया है। शिविरों के दौरान मिले गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय सहित अन्य महानगरों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में रेफर कर उनका बेहतर इलाज किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में अब तक के इतिहास में यह तीसरा अवसर है कि गांवों में ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

ग्राम बारंगातेली में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, भाजपा शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल, समाजसेवी प्रभुनारायण नेमा, मंडल महामंत्री देवी सिंह राजपूत, सरपंच किशोर युवनाती, संतोष कवरेती, उपसरपंच नरेश साहू, बूथ समिति महामंत्री मेहताब साहू, बूथ अध्यक्ष निखिल साहू, भाजपा नेता राजकुमार साहू, ईश्वरी नागले, सतीश चिन्तू राय, जय पटेल, अश्विनी डेहरिया, दीपक साहनी, आरिश रजा, दीपक धुर्वे, यश कैथवास, नीतेश पटेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 90 बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



छिंदवाड़ा। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल के जन्मदिन के अवसर पर छिंदवाड़ा चिकित्सा प्रकोष्ठ की टीम द्वारा आज वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 90 बुजुर्गों एवं आश्रम स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक उपचार एवं दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। नेत्र परीक्षण के दौरान 13 बुजुर्गों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी मरीजों को परसों लायंस हॉस्पिटल, परासिया ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।बुजुर्गों ने डॉ. विशाल सिंह बघेल को जन्मदिन पर आशीर्वाद देते हुए इस सेवा कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।कार्यक्रम प्रदेश सह संयोजक डॉ. कृष्ण हरजानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. हितेश मिश्रा, डॉ. मयंक साहू, डॉ. राजेश राय, डॉ. अजीत सहित भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

जुन्नारदेव की प्रिंसी का SGFI नेशनल के लिए हुआ चयन



जुन्नारदेव। सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम सर के निर्देशन में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा की 12 खिलाड़ी शालेय राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता भोपाल में सम्मिलित हुए । इसमें मिनी वर्ग के खिलाड़ियों ने शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया । वहीं जूनियर और सीनियर बालिकाओं ने 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए । इस प्रकार छिंदवाड़ा जिले की 12 बालिका खिलाड़ी जो उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की है उन्होंने कुल 10 मेडल जिसमें 8 ब्रॉन्ज और 2 सिल्वर मेडल जीते । भोपाल में दिनांक 22-26 अक्टूबर तक आयोजित तलवारबाजी (फेंसिंग) में छिंदवाड़ा जिले के खिलाड़ियों के साथ श्रीमती नसरीन बानो के साथ भाग लिया । जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के वार्षिक खेल कैलेंडर अनुसार खिलाड़ी लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं । यह जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के डीएसओ अनुरोध शर्मा ने बताया कि इस सत्र में बच्चों की उपलब्धियां अब तक विगत सत्रों से बेहतर है । ट्राइबल विभाग ने इस वर्ष विशेष कार्ययोजना बना कर उस पर कार्य किया जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं । खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम , सहायक संचालक एल के मिश्रा , बीईओ ओ पी जोशी, मनीष चतुर्वेदी , प्राचार्य चंद्रशेखर दीक्षित एवं व्यायाम शिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की ।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई श्री अजमीढ़ देव महाराज की जयंती



जुन्नारदेव। स्वर्णकार समाज जुन्नारदेव द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री अजमीढ़ देव महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जुन्नारदेव एवं दमुआ के स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया, वहीं समाज के वरिष्ठजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सोनी समाज अध्यक्ष ओपी सोनी ने बताया कि श्री अजमीढ़ देव महाराज की जयंती समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का अवसर है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपराओं और महापुरुषों के आदर्शों से परिचित कराने के साथ ही समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने समाजजनों से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों ने श्री अजमीढ़ देव महाराज के जीवन परिचय एवं उनके आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मातृशक्ति ने गरबा प्रस्तुत कर आयोजन को आकर्षक बनाया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर समाजजनों ने सामूहिक भोजन एवं दूध प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में समाज अध्यक्ष ओपी सोनी,कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक सोनी,चंपालाल सोनी, डीसी सोनी, आरडी सोनी, चंद्रकुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा को मिलेगी नई दिशा

अशासकीय शाला संघ की नवीन कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



जिले में अशासकीय विद्यालयों के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत विकासखंड चौरई में अशासकीय शाला संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार, 25 अक्टूबर को होटल ग्रीन, चौरई में आयोजित बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

जयविंद डेहरिया को विकासखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डेहरिया की ओर से उड़ान फाउंडेशन स्कूल के संचालक आनंद शर्मा एवं विकास जैन रेडियंट स्कूल के संचालक ने प्रस्तावक बनकर समर्थन किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के अशासकीय विद्यालय संचालकों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंतु दासगुप्ता, जिला सभापति अखिलेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे एवं हेमंत शर्मा, जिला सचिव मनीष तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष ऋषि अग्रवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य भुजेंद्र शर्मा, अंजना भाटिया एवं संतोष सनोडिया सहित चौरई विकासखंड के विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के संचालको उपस्थित संपन्न हुआ।बैठक में संगठन के महत्व, निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा तथा विद्यालय संचालकों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

जिला सचिव मनीष तिवारी ने अपने उद्बोधन में संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय संचालकों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठनात्मक सहयोग और सामूहिक प्रयासों को अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। विकासखंड अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। अशासकीय शाला संघ, विकासखंड चौरई की नवीन कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई अध्यक्ष जयविंद डहेरिया — महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल चौरई, उपाध्यक्ष मोना मालानी उपाधयक्ष, अवधेश विश्वकर्मा, प्रदीप बेस, सचिव संजय पंचेश्वर, सहसचिव, मोहन जावरे, कोषाध्यक्ष, धनीराम सिंह रघुवंशी, मीडिया प्रभारी जय किशोर मांगरोल, खेल प्रभारी आदि मौजूद रहे।



विप्र महाराष्ट्र मंडळ ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया शारदोत्सव, प्रतिभाओं का किया सम्मान

छिंदवाड़ा। विप्र महाराष्ट्र मंडळ, छिंदवाड़ा द्वारा महालक्ष्मी मंगल भवन में दो दिवसीय शारदोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मां शारदा का विधिवत पूजन-अर्चन कर भजन संध्या आयोजित की गई। दूसरे दिन समाज के सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।इस अवसर पर मंडळ द्वारा समाज की प्रतिभाओं को उनके योगदान एवं उपलब्धियों के लिए 'विप्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद एवं दूध वितरण के साथ हुआ। आयोजन में समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ता और एएनएम के समन्वित प्रयासों से जच्चा-बच्चा सुरक्षित

बालाघाट। जिले में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और समय पर उपचार से गंभीर एनीमिया से पीड़ित एक हाई-रिस्क गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला का हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 7 ग्राम था और पूर्व में सीजेरियन प्रसव होने के कारण गर्भावस्था को उच्च जोखिम की श्रेणी में रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम, आशा कार्यकर्ता और एएनएम के समन्वित प्रयासों से माता एवं नवजात शिशु दोनों सुरक्षित हैं। वार्ड क्रमांक 1, गौरीशंकर, बूढ़ी बालाघाट निवासी श्रीमती दीक्षा चौरे, पति श्री संदीप चौरे का गर्भावस्था के दौरान 16 अप्रैल 2026 को एएनएम श्रीमती श्रिता जैसवाल द्वारा पंजीयन किया गया था। आशा कार्यकर्ता श्रीमती कमला डोंगरे के निरंतर संपर्क एवं प्रयासों से महिला की समय पर जांच कराई गई।

कटंगी विकास मंच ने जारी की इनामी कूपन योजना के विजेताओं की सूची

गणेश भोयर की चमकी किस्मत, मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति कटंगी विकास मंच द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निकाली गई इनामी कूपन योजना के विजेताओं की क्रमांक नंबर लिस्ट जारी कर दी गई है। शरद पूर्णिमा के पावन मौके पर सिवनी रोड़ स्थित काली माता मंदिर प्रागंण में रविवार की शाम 08 बजे से जन समुदाय की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ विजेताओं का लकी ड्रा खोला गया। समिति ने अपील की है कि विजेता अपना ईनाम 7 दिन के अंदर प्राप्त कर लें। समिति द्वारा जारी सूची के अनुसार इस बार का पहला और सबसे बड़ा ईनाम ई.वी. स्कूटर कूपन क्रमांक 05086 पर गणेश भोयर ने जीता है। इसी तरह दूसरा ईनाम एल.ई.डी. टी.वी. कूपन नंबर 00594 पर राजकुमार परिहार (कामठी), तीसरा इनाम फ्रिज कूपन नंबर 03452 और चौथा ईनाम वॉशिंग मशीन कूपन नंबर 03473 दोनों अमन शर्मा को मिला है। अमन शर्मा ने मात्र 05 टिकट ही खरीदे थे। वहीं सोफा सेट 09798, एंड्राइड मोबाईल 04326 कैलाश बांगरे मानेगांव, चांदी की चैन 08373, चांदी का ब्रैसलेट 07414 हिमांशु मोर, सायकल 0978, होम थियेटर 08199, सिलाई मशीन 09784 राजेन्द्र कड़वे, मिक्सर 05665, सिलिंग फैन 03536 अश्विनी पराते (मिरगपुर) से लेकर वॉल फैन, प्रेशर कुकर, डिनर सेट, इंडक्शन चूल्हा, प्रेस, स्मार्ट वॉच, गैस चूल्हा, जियो फोन, हॉट केटल, पानी बॉटल, टिफिन बॉक्स, दीवार घड़ी और गिलास सेट तक कुल 26 बड़े ईनाम शामिल हैं। इसके अलावा समिति ने मातारानी के चांदी के सिक्के के लिए 26 विजेता, लंच बॉक्स के लिए 9 विजेता, हेलमेट के लिए 9 विजेता और सांत्वना उपहार (गिफ्ट) के लिए 31 विजेताओं के कूपन नंबर भी जारी किए हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में सुरजीत सिंह ठाकुर, रुपेन्द्र गिरी, अभय पालीवार, भीम प्रकाश मेश्राम, महिपाल सेन्दरे, संजय वाटकर, सुरेन्द्र कड़वे, महेन्द्र ठाकुर, अरविंद सोनी, देवराज पन्द्रे, संगम कड़वे, आलोक खंडलेवाल, शैंकी अग्रवाल, मुकेश चौकसे, संकेत तिवारी, कालु वाधवानी, अनमोल शर्मा, विजय नागवानी, जुबेर मेमन, संजय सोनी सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

नक्सल प्रभावित बरगूड-सैतोना गांव पहुंचा

प्रशासनिक अमला, 14 दिवसीय विशेष अभियान शुरू

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा; पेयजल, शिक्षा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं की हुई समीक्षा, खामियां मिलने पर अधिकारियों को सुधार के निर्देश





हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा बली के ग्राम बरगूड-सैतोना में 26 अक्टूबर को विभिन्न विभागों का प्रशासनिक अमला पहुंचा। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा के आदेशानुसार संचालित इस विशेष अभियान के तहत आगामी 14 दिनों तक प्रभावित ग्रामों में निरंतर भ्रमण कर विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया जाएगा।अभियान के दौरान लांजी अनुविभाग के राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने गांव पहुंचकर स्थानीय आदिवासी एवं बैगा परिवारों से संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से पेयजल, शिक्षा, आंगनबाड़ी, इंटरनेट सुविधा, सोलर लाइट तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को समझते हुए उनके निराकरण और गांव में चल रहे विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया।

ग्रामीणों की समस्याओं को समझने गांव पहुंचा प्रशासनः विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना है। इसके तहत अधिकारियों ने गांव में भ्रमण कर देखा कि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ किस प्रकार मिल रहा है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।लांजी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आदित्य नारायण तिवारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघाई सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर विकास कार्यों की समीक्षा की।

प्राथमिक शाला का निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगीः ग्राम भ्रमण के दौरान एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी ने शासकीय प्राथमिक शाला बरगूड-सैतोना का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, पढ़ाई के वातावरण और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कागजातों के बिखरे होने एवं अव्यवस्था सामने आने पर संबंधित जिम्मेदारों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।एसडीएम ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

हैंडपंप का पानी लाल मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देशः विद्यालय परिसर में स्थित हैंडपंप के पानी की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पानी लाल दिखाई देने पर एसडीएम ने संबंधित पीएचई विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक जांच एवं सफाई कराने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दवा डालने के निर्देश दिए, ताकि पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।वहीं, ग्राम पंचायत की ओर से लगाए गए एक अन्य हैंडपंप की मोटर खराब होने की जानकारी सामने आने पर ग्राम पंचायत देवरा बली के सचिव को तत्काल सुधार कार्य कराने के लिए कहा गया। ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना अभियान की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा।

आंगनबाड़ी का निरीक्षण, बीमार बच्चों को अस्पताल लाने के निर्देशः प्रशासनिक दल ने ग्राम बरगूड-सैतोना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं नर्सरी स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम राजस्व आदित्य नारायण तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ अंकित सिंघाई तथा लांजी के बीएमओ डॉ. अक्षय उपराडे ने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चों का स्वास्थ्य खराब पाए जाने पर बीएमओ डॉ. अक्षय उपराडे ने उनकी तत्काल स्वास्थ्य जांच कराने और आवश्यकता के अनुसार सिविल अस्पताल लांजी लाने के निर्देश दिए।

मौके पर ही हुई विभागवार समीक्षा, निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने के निर्देशः ग्राम भ्रमण के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आदित्य नारायण तिवारी ने मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से समीक्षा की। इस दौरान गांव में निवासरत आदिवासी एवं बैगा परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं, कमियों और आवश्यक सुधार कार्यों का विवरण तैयार कर निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।प्रशासन ने पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को सक्रियता से कार्य करने को कहा। साथ ही विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रखने और लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

14 दिनों तक जारी रहेगा विशेष अभियानः नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा यह विशेष अभियान आगामी 14 दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी प्रभावित ग्रामों का भ्रमण कर विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगे।

देश के समाजों व नागरिकों को एकजुट करने हुई थी संघ की स्थापना- रितेश अग्रवाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन, नगर भ्रमण के दौरान नागरिकों ने की पुष्प वर्षा



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। विजयादशमी पर्व के अवसर पर सोमवार 26 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। इसके पूर्व कचहरी मैदान में संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहॉ पर भारत माता, संघ के संस्थापक डॉ. बलीराम हेडगेवार, महर्षि वाल्मिकी व रानी दुर्गावती के छाया चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर वक्ता के रुप में उपस्थित सिवनी विभाग के विभाग सेवा प्रमुख रितेश अग्रवाल ने संघ की स्थापना का उद्देश्य, विजयादशमी मनाने, शक्ति की आराधना, शस्त्र पूजन, समी पूजन का कारण बताते हुए कहा कि हमारे देश का इतिहास विजय का रहा है, पराभव का नहीं रहा। हम शक्ति की आराधना करते है और शस्त्र धारण करने के कारण शस्त्र पूजन करते है। उन्होंने कहा कि वनवास के दौरान पांडवों ने अपने शस्त्र समी के वृक्ष में छुपाये थे, इसीलिए समी के वृक्ष की पूजा भी की जाती है। उन्होंने कहा कि पहले हमारे देश में समाज व नागरिक एकजुट नहीं थे, जिसके कारण दूसरे लोग उसका फायदा उठाते थे। देश के सभी समाजों व नागरिकों को एकजुट करने के उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई थी। जिससे स्वतंत्रता अक्षुण बनी रही।

विभाग सेवा प्रमुख रितेश अग्रवाल के उद्बोधन के बाद राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और अनुशासित संगठन की भावना को अभिव्यक्त करने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने भव्य पथ संचलन प्रारंभ किया। शाम लगभग साढ़े 5 बजे प्रारंभ हुआ पथ संचलन कचहरी मैदान से कोर्ट के पीछे से संतोष लिल्लारे के निवास के सामने से गुजरा। यहां से पीडब्ल्यूडी कार्यालय से दीनदयाल चौक होते हुए बस स्टैंड पहुॅचा। जहॉ पर भाजपा नेत्री व जनपद पंचायत वारासिवनी की भूतपूर्व अध्यक्ष पुष्पा निरंजन बिसेन, जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत, नगरपालिका पार्षद रुकमणी बिसेन, भाजपा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दीप चौहान सहित अन्य लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया।

उसके बाद यह भव्य संचलन जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबारी चौक से गुजरते हुए मिश्रा ग्रंथालय के सामने से गांधी चौक, सब्जी मंडी, दुर्गा मंदिर और परशुराम चौक होते हुए वापस नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए पुनः कचहरी मैदान पहुंचा, जहां पथ संचलन का समापन किया गया। इस पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक संघ की पूर्ण गणवेश व दंड के साथ चल रहे थे। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित यह पथ संचलन संघ की परंपरा, सामूहिक अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संकल्प को प्रदर्शित करता है।

खबर संक्षेप



राज्य स्तरीय कलारिपयट्टु प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मुरैना में 24 और 25 अक्टूबर 2026 को आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय पुनथूरा सुमन मेमोरियल कप कलारिपयट्टु प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते। मुस्कान चौरसिया और तनु चौरसिया ने तलवारबाजी प्रदर्शन स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। सीनियर वर्ग की ग्राउंड फाइटिंग स्पर्धा में मोनिका धुर्वे ने स्वर्ण पदक जीता। टीम के कोच एवं सचिव गोपाल कुमार कुशवाहा ने रजत, जबकि अनय दुबे ने कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नवंबर में गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
प्रतियोगिता का आयोजन राधिका पैलेस, मुरैना में किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

आशीष (आशु) अग्रवाल बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला सिवनी के संयोजक



हरिभूमि न्यूज सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अनुशंसा पर शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी आशीष (आशु) अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ, जिला सिवनी का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। आशीष (आशु) अग्रवाल की नियुक्ति पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। आशा व्यक्त की गई कि वे अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए व्यापारियों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने, व्यापारी वर्ग को संगठन से जोड़ने तथा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

आर्यन कुशवाहा का सुयश, क्षेत्रीय विज्ञान मेला में प्राप्त किया प्रथम स्थान

सिवनी। सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी के प्रतिभाशाली छात्र भैया आर्यन कुशवाहा ने संवेदक विषय पर बने हुए अपने मॉडल के माध्यम से देवास में आयोजित क्षेत्रीय विज्ञान मेला में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता शामिल होने की पात्रता हासिल की है। भैया अखिल भारतीय प्रतियोगिता गोरखपुर में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा।



पिकअप वाहन ट्राले से टकराया पीछे से आ रही बस भी भिड़ी



सिवनी नेशनल हाईवे-44 पर गणेशगंज बायपास ब्रिज के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे सडक़ हादसा हो गया। यहां आगे चल रहे ट्राले में पिकअप वाहन जा घुसा। इसी दौरान पीछे से आ रही यात्री बस भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी की जनहानि नहीं हुई। बस में सवार 30 से अधिक यात्रियों के सुरक्षित होने की जानकारी सामने आई है।
गोरखपुर से हैदराबाद जा रही थी बस
जानकारी के अनुसार यात्री बस गोरखपुर से हैदराबाद की ओर जा रही थी। गणेशगंज बायपास ब्रिज के पास पिकअप वाहन ट्राले से टकरा गया। इसी बीच पीछे से आ रही बस भी उससे भिड़ गई। तीन वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। हालांकि, किसी यात्री के गंभीर रूप से घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।
रॉन्ग साइड से निकालने पड़े वाहन
हादसे के कारण नेशनल हाईवे-44 पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। पंचवटी ढाबे के सामने लखनादौन से सिवनी की ओर जाने वाले वाहनों को रॉन्ग साइड से निकालना पड़ा। इससे जाम जैसी स्थिति बनने लगी और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पेट्रोलिंग टीम ने संभाला मोर्चा

हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ किनारे करवाया और यातायात व्यवस्थित कराया। इसके बाद हाईवे पर आवागमन सुचारू हो सका। फिलहाल हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

तीन माह 17 दिन बाद भी शिक्षक दंपति के हत्यारों तक नहीं पहुंची उगली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ उगली।

सिवनी जिले के उगली थाना क्षेत्र में शिक्षक दंपति समन सिंह धुर्वे और मालती धुर्वे की हत्या के मामले को तीन माह 17 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। 10 जुलाई 2026 को जग्गूटोला मार्ग स्थित उनके मकान से दोनों के जले हुए शव बरामद हुए थे। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। इतने लंबे समय बाद भी हत्याकांड का खुलासा नहीं होने से पुलिस की जांच और आरोपियों की पहचान को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

पुलिस हत्याकांड की गुत्थी कब सुलझाएगी?

10 जुलाई को उगली थाना क्षेत्र में बिजली कार्यालय के आगे जग्गूटोला मार्ग स्थित मकान से शिक्षक दंपति के जले हुए शव मिलने की सूचना सामने आई थी। कमरे में रखा पलंग, कूलर और अन्य सामान भी आग की चपेट में



आ गया था। शुरुआत में मामला आग लगने की घटना प्रतीत हुआ, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत हत्या से होने की पुष्टि की जानकारी सामने आने के बाद जांच ने नया मोड़ ले लिया था। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए आशंका जताई गई कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शवों को जलाया गया होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर डॉग स्क्वॉड, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों और फॉरेंसिक टीम की मदद ली गई थी।
पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और तकनीकी पहलुओं की जांच भी शुरू की। इसके बावजूद तीन माह 17 दिन गुजरने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्याकांड के खुलासे को लेकर कोई ठोस जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर जांच किस मोड़ पर पहुंची है? शिक्षक दंपति की हत्या के बाद से ही परिजन और क्षेत्रवासी मामले के खुलासे की उम्मीद लगाए बैठे हैं। घर के भीतर हुई इस वारदात और दोनों के शव जलाए जाने की घटना ने लोगों को झकझोर दिया था। अब तीन माह से अधिक समय बीतने के बाद भी हत्यारों का पता नहीं चलने से लोगों की चिंता बनी हुई है। इस मामले में अब सबसे अहम सवाल यही है कि पुलिस हत्याकांड की गुत्थी कब सुलझाएगी? जबकी इस मामले की जांच अभी जारी है, लेकीन केवलारी अनुविभागिय अधिकारी को यहां से हटाकर नई अधिकारी की पदस्थापना भी हो चुकी है,अतःउच्च अधिकारियों से क्षेत्रीय लोगों की जन अपेक्षायें हैं, धुर्वे दंपती केश को जल्दी साल्व करें, क्योंकि क्षेत्रीय लोगों में उक्त घटना को लेकर तरह तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

शरद पूर्णिमा पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, लखनादौन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। लखनादौन शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, लखनादौन शाखा द्वारा श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक सरोकार की भावना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बैंक के ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, सेवा और सौहार्द का वातावरण बना रहा।
बैंक के शाखा प्रबंधक एवं समस्त



अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं की सेवा की तथा व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे एवं मानवता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने बैंक परिवार के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया।
भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। सभी ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासन एवं आत्मीय आतिथ्य की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बैंक प्रबंधन, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

उगली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद, अब घर के सामने से रीपर मशीन चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उगली।

सिवनी जिले के उगली थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। किसानों की केबल, मोटरसाइकिल, सूने मकानों से नकदी और जेवरात की चोरी के बाद अब घर के सामने खड़ी कृषि उपयोगी रीपर मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के मन में अब यह चिंता बढऩे लगी है कि आखिर उनकी संपत्ति कितनी सुरक्षित है? प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना उगली अंतर्गत ग्राम मलारी निवासी जितेश्वर भारद्वाज की रीपर मशीन उनके घर के सामने से चोरी हो गई। घर के सामने से कृषि कार्य में उपयोग होने वाली मशीन का चोरी हो जाना क्षेत्र



में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता का विषय है। किसान और ग्रामीण अपनी मेहनत की कमाई से जरूरी उपकरण और वाहन खरीदते हैं, लेकिन चोरी की घटनाओं के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
उगली क्षेत्र में पिछले कई दिनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने की बात कही जा रही है। कहीं किसानों की केबल चोरी हो रही है, तो कहीं मोटरसाइकिल गायब हो रही हैं। सूने मकानों को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात चोरी किए जाने की घटनाएं भी चिंता बढ़ा रही हैं। अब रीपर मशीन की चोरी ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? यदि चोर इसी तरह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते रहे, तो ग्रामीणों की मेहनत की कमाई और कृषि उपकरणों की सुरक्षा पर संकट बना रहेगा।
क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं के बावजूद यदि आरोपियों का पता नहीं चल पाता है, तो यह पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराध नियंत्रण की रणनीति पर सवाल खड़े करता है। सवाल यह है कि उगली थाना क्षेत्र में चोरी की इन घटनाओं पर लगाम कब लगेगी? क्या पुलिस चोरी गई रीपर मशीन सहित अन्य मामलों में आरोपियों का पता लगा पाएगी, या ग्रामीण इसी तरह अपनी



पुलिस लाइन में नवनिर्मित जिम्नेशियम का भव्य लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस लाइन सिवनी में आज नवनिर्मित जिम्नेशियम का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विधायक निधि से निर्मित इस जिम्नेशियम का लोकार्पण अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा, सिवनी विधानसभा के विधायक दिनेश राय मुनमुन, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज छिंदवाड़ा राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी के शुभ कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा,एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम, रक्षित निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, निरीक्षक गौरव मर्सकोले , रक्षित निरीक्षक जितेंद्र रावतकर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शसतीश तिवारी, यातायात प्रभारी निरीक्षक विजय बघेल सहित रक्षित केंद्र एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



कलार समाज की प्रांतीय समिति का गठन, पिपरवानी के सुधीर राठौर और योगेश डहरवाल को मिली जिम्मेदारी

कुरई। रविवार को कुरई में कलार समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सौंसर, बालाघाट, सिवनी एवं नागपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाज के सम्माननीय जन उपस्थित रहे। बैठक में समाज की प्रांतीय समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर पिपरवानी निवासी सुधीर राठौर को प्रांतीय कोषाध्यक्ष तथा योगेश डहरवाल को प्रांतीय सह संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। दोनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं। आशा व्यक्त की गई कि नवनियुक्त पदाधिकारी समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

खमरिया पंचायत का नया कारनामा: स्वतंत्रता दिवस की मिठास में भ्रष्टाचार का कड़वा घूंट, साफ़-सफ़ाई के नाम पर फ़र्टिलाइजर का फर्जीवाड़ा

केशव राय धनौरा -जनपद पंचायत धनौरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं, इसका अंदाजा इस नए खुलासे से लगाया जा सकता है। पंचायत की सरपंच तारा बाई और सचिव सुरेश भलावी ने अब राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) समारोह को भी अपनी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है।

15 अगस्त पर कागजी मिठास ? 200 किलो बूंदी का खेल

सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के अनुसार, इस वर्ष 15 अगस्त के शासकीय समारोह में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के बीच वितरण के नाम पर 200 किलो बूंदी का एक बड़ा फर्जी बिल तैयार किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि धरातल पर न तो इतनी मात्रा में बूंदी मंगवाई गई और न ही उसका सही वितरण हुआ। स्वतंत्रता दिवस की पवित्रता को ताक पर रखकर, इस फर्जी बिल के

कागजों पर बंट गई 200 किलो बूंदी, साफ़-सफ़ाई के नाम पर निकाल ली फ़र्टिलाइजर की राशि; ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



सहारे शासकीय राशि का आहरण कर सीधे सरपंच तारा बाई और सचिव सुरेश भलावी की जेबें भरी गईं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के हक के पैसों पर डाका डालकर यह भ्रष्ट तंत्र उत्सव मना रहा है।

साफ़-सफ़ाई के नाम पर लूट



रासायनिक खाद से सफ़ाई?

भ्रष्टाचार की हद तो तब हो गई जब पंचायत क्षेत्र में साफ़-सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर 25 लीटर फ़र्टिलाइजर (सफाया)का फर्जी बिल लगाकर भुगतान करा लिया गया। आम जनता भी यह सोचकर हैरान है कि गांव की गलियों, नालियों और कचरे की साफ़-सफ़ाई के लिए फ़र्टिलाइजर का उपयोग किया ही नहीं गया है । इस बेतुके और फर्जी बिल ने साफ कर दिया है कि वेंडरों और फर्मों के साथ मिलकर बिना किसी डर के फर्जी बिलों का निर्माण किया जा रहा है और सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है।

मटेरियल के नाम पर लग रहे फर्जी बिल

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जमीनी हकीकत में ना कोई काम हुआ और ना ही मटेरियल मंगाया गया है इसके बावजूद वेंडर की मिलीभगत से मटेरियल के फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया गया है ।

ऊंचे रसूख के आगे जांच एजेंसियां पस्त

इस नए मामले के सामने आने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पूर्व में दी गई शिकायतों पर भी जनपद पंचायत धनौरा के उच्च अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस पूरे सिंडिकेट को किसी बड़े राजनैतिक दल या ऊंचे अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है। जब भी कोई ग्रामीण इस संबंध में जानकारी मांगता है, तो उसे गोलमोल जवाब देकर भगा दिया जाता है।
देखना अब यह होगा की जनपद पंचायत के मुखिया ओंकार सिंह ठाकुर कब तक करेंगे कार्यवाही या यू ही भ्रष्टाचार का खेल जारी रहेगा ।

शासकीय सेवक व आम नागरिक ब्लेकमेलरों के खिलाफ परिषद को शिकायत भेजें

ब्लेक मेल करने वाले पत्रकारों के खिलाफ परिषद की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा जारी ब्लैकमेलिंग करने वाले पत्रकारों के खिलाफ खुलकर कार्यवाही को लेकर कुछ ब्लैकमेलिंग करने वाले पत्रकार भ्रामक प्रचार कर रहे है, जिसको लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने स्थिति स्पष्ट की है ।

एक आरोप यह भी लगाया जा रहा है कि पत्रकार परिषद ने पत्रकारों को प्लाट देने में बंदरबांट किया है इस संबंध में परिषद स्पष्ट कर देना चाहता है कि भविष्य में प्लाट केवल चरित्रवान पत्रकारों को दिए जाएंगे न कि ब्लैकमेलिंग करने वालों को।

ब्लैकमेलिंग करने वालों में मचा है हडक़ंप

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने लगभग 1 माह पूर्व घोषणा की थी कि शहर में पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग करने वाले तथाकथित पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को माह जून में एक पत्र भी लिखा गया था जिसकी प्रति जिला पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक को भेजकर पत्रकारिकता की आड़ में हो रही ब्लेकमेलिग पर कार्रवाई की मांग की गई थी यह भी घोषणा की गई थी कि समय आने पर ब्लैकमेलिंग करने वाले पत्रकारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। सूची में जिन पत्रकारों के नाम उजागर होने वाले थे, उससे पहले ही इस सूची की जानकारी लीक हो गई। जानकारी लीक होने से बौखलाए ब्लैकमेलर पत्रकार अब प्रेस क्लब को लेकर अनाप-शनाप टिप्पणी कर रहे हैं और दुष्प्रचार कर रहे हैं।
वास्तविकता यह है कि जबलपुर शहर में कोई भी प्रेस क्लब संचालित नहीं है प्रेस क्लब की आड़ में परिषद को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद इस तरह के कृत्य की निंदा करता है साथ ही घोषणा करता है कि परिषद ब्लैकमेलिंग करने वालों पत्रकारों के चेहरे सार्वजनिक करेगी।

महाकाली समिति आदेगांव मे हुआ विशाल देवी जागरण का कार्यक्रम

बाली ठाकरे और रिजा खान की प्रस्तुतियों ने बनाया महोल.. नाच उठे दर्शक

संगीत मैं 1 ओर 1 11 बनी रिजा खान बाली ठाकरे

सिवनी जिले के तहसील लखनादौन के अंतर्गत आने वाला. ग्राम आदेगांव प्रेम नगर महाकाली समिति के तत्वावधान मैं शिशु मंदिर प्रांगण पर आयोजित विशाल देवी जागरण भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भजन गायिका बाली ठाकरे और रिजा खान ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। देवी जागरण के दौरान दोनों गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति दी। मधुर भजनों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए

महाकौशल की ख्यातिलब्ध भजन गायिका बाली ठाकरे और रिजा खान ने देवी भजनों से श्रद्धालुओं को किया प्रसन्न



और माता रानी के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। बाली ठाकरे ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया, वहीं रिजा खान की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। दोनों गायिकाओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। नौ युवा दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला। आयोजन के सफल समापन पर समिति ने ..सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं.. एवं क्षेत्रवासियों.. के प्रति आभार व्यक्त किया। जिसकी प्रशंसा क्षेत्र में की गई।

4 माह बाद भी नहीं सुधरी, अब ग्रामीण हाथों से उखाड़ कर दिखा रहे घटिया निर्माण

कटंगी जनपद की परसवाड़ाघाट पंचायत में
भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 11.99 लाख की सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट में भ्रष्टाचार की एक बड़ी इबारत लिखी गई है। राज्य वित्त आयोग की 11.99 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क निर्माण के 4 महीने बाद भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। निर्माण इतना घटिया है कि ग्रामीण उसे अपने हाथों से ही उखाड़ कर उसकी गुणवत्ता की पोल खोल रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस मामले को उजागर हुए 4 माह बीत चुके हैं, विधायक के निर्देश के बाद भी पंचायत और ठेकेदार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सड़क के घटिया निर्माण को लेकर 11 जुलाई 2026 को हमने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर शासन-प्रशासन को अवगत कराया था। खबर का असर भी हुआ था। क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में अधिकारियों और सभी 81 ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों की बैठक लेकर खासतौर पर परसवाड़ाघाट के सरपंच-सचिव और उपयंत्री को सीसी सड़क को तत्काल सुधारने और भविष्य में सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए थे। विधायक के निर्देश के बाद लगा था कि अब सड़क सुधर जाएगी, लेकिन 4 माह बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण अब इस सड़क को उखाड़कर नए सिरे से बनाने की मांग कर रहे हैं।



पीडब्ल्यूडी रोड से डिलीचंद बोपचे के घर तक सीसी सड़क का निर्माण स्वीकृत हुआ था। नियमानुसार इस सड़क का निर्माण ग्राम पंचायत की निगरानी में होना था। पंचायत ने यह काम एक ठेकेदार को दे दिया। आरोप है कि पंचायत ने जिस ठेकेदार को काम दिया वह पूरी तरह से अपंजीकृत है। न तो उसका श्रम विभाग में पंजीयन है और न ही उसके पास इस तरह के निर्माण कार्य का कोई अनुभव था। सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार और पंचायत के बीच मोटे कमीशन की सेटिंग हो गई थी, इसलिए आंख बंद कर काम दे दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब सड़क का निर्माण चल रहा था, तभी उन्होंने इसकी गुणवत्ता को लेकर विरोध जताया था। सीमेंट, गिट्टी, रेत का अनुपात बेहद कम था और निम्न स्तरीय सामग्री का उपयोग हो रहा था। लेकिन ठेकेदार ने ग्रामीणों को डराया-धमकाया और अने मनमुताबिक कार्य किया पंचायत ने भी इस पर चुप्पी साधे रखी। यानी पंचायत का ठेकेदार को पूरा संरक्षण प्राप्त था। ठेकेदार ने अधिक पैसा बचाने के लालच में पूरी सड़क को ही बर्बाद कर दिया। नतीजा यह हुआ कि सड़क बनते ही उखड़ने लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना पटल पर मजदूरी दर 261 रुपये अंकित है, लेकिन पंचायत ने स्थानीय मजदूरों को काम देने के बजाय बाहरी मजदूरों और मशीनों से काम करवाया, ताकि किसी को गुणवत्ता की जानकारी न लग सके।

ग्रामीणों की माते ने तो उन्होंने घटिया निर्माण कार्य को लेकर सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री ने उन पर शिकायत वापस लेने दबाव बनाकर शिकायत वापस करवा दी। गौरतलब हो कि शिकायतों के बाद पंचायत ने खानापूर्ति के लिए करीब 30 मीटर सड़क पर सीमेंट की एक और लेयर डाल दी। लेकिन वह लेयर भी गुणवत्ताहीन होने के कारण कुछ ही दिनों में उखड़ गई। अब नया तर्क दिया जा रहा है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क में दरारें आई हैं और सड़क टूट रही है। जबकि ग्रामीण इस तर्क को बेहद बेतुका बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी सड़क भारी वाहनों के लिए ही बनाई जाती है, अगर वह 2 महीने में ही टूट जाए तो यह निर्माण नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार है। इस पूरे मामले में जब उपयंत्री चैनलाल बोपचे से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि सीईओ सर को अवगत करवा दिया गया है। पंचायत को मरम्मत के लिए कहा गया था, 30 मीटर में लेयर बनाई थी, जो उखड़ गई। आगे पीडब्ल्यूडी सड़क बना रही है, वहां वाहनों की आवाजाही हो रही है। जैसे ही पीडब्ल्यूडी का कार्य समाप्त होगा, उसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि इस सड़क का क्या करना है। फिलहाल तो घटिया निर्माण के चलते निर्माण कार्य के भुगतान पर रोक लगी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि इस पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, कोर कटिंग टेस्ट हो, और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वसूली की जाए। साथ ही सड़क को उखाड़कर नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए, ताकि शासन की राशि का सदुपयोग हो सके।

वन विभाग के सुरक्षा कर्मियों को 05 माह से नहीं मिला मानदेय



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर वन परिक्षेत्र किरनापुर के अंतर्गत समस्त ग्रामों के वन सुरक्षा कर्मियों को पांच माह से मानदेय नहीं मिला है वन सुरक्षा कर्मियों के शासन प्रशासन से त्योहारों के को मध्य नजर रखते हुए पांच माह का वेतन दिलाने की मांग की है।

मुख्य कारण और समस्याएँ: बजट और प्रशासनिक देरी: सरकारी स्तर पर बजट आवंटन में देरी या बिल पास होने की प्रक्रिया में तकनीकी अपडेशन मुख्य कारण होते हैं।

दैनिक वेतन भोगी/ आउटसोर्स स्थिति: नियमित कर्मचारी न होने के कारण इन सुरक्षा कर्मियों, चौकीदारों और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को समय पर भुगतान नहीं मिल पाता है।

आर्थिक कठिनाई: मानदेय न मिलने से इन कर्मचारियों को परिवार का भरण-पोषण करने और रोजमर्रा के खर्च चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसमें उपस्थित कमलेश उइके,ट उमेंद्र माहेश्वरे, ओमकार , दिलीप कावरे ,शिवराम पन्द्रे ,छोटेलाल, संजू हरिनखेडे, किशोर बिसेन, गोमा चौधरी, प्रदीप सिंह चौहान, डोलेश्वर भटेरे,योगराज, नरेंद्र, भागचंद मरावी, देवराज उइके, सुनील यादव, माखनलाल सिंह सार, कमल सिंह उइके ,रमेश पन्द्रे,कलमसिंह परते, लाखाराम बल्के और भी अन्य वन सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में यह धरना प्रदर्शन किया गया।

वन सुरक्षा कर्मी संजू हरिमखेड़े में बताया कि पांच माह का वेतन नहीं दिया गया है।अगर इस माह में मानदेय नहीं दिया गया तो हम उग्र आंदोलन करने को तैयार रहेंगे।

वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार वाडिवा ने इस संबंध में बताया कि मैंने अभी ज्वाइनिंग किया है।वन सुरक्षा कर्मियों को पांच माह से वेतन नहीं मिला है। जिसकी प्रक्रिया पूरी करके डीएफओ कार्यालय बालाघाट को भिजवा दिया गया है दो-चार दिनों में भुगतान हो जाएगा।

नवदुर्गा उत्सव समिति का मेगा इनामी ड्रा खुला
हीरो स्ट्रीम का प्रथम पुरस्कार कूपन नम्बर 68348 को मिला



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी द्वारा शरद पूर्णिमा पर्व पर नवरात्र पर्व पर आयोजित की गई इनामी योजना के ड्रा का आयोजन स्थानीय सिविल क्लब मैदान में विशाल ऑकेस्ट्रा में मशहूर गायक और इंडियन आइडियल के कलाकारों की उपस्थिति में कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों के हाथों निकाला गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार हीरो स्ट्रीम 125 का पुरस्कार कूपन क्रमांक 68348, द्वितीय पुरस्कार न्यू हीरो डेस्टिनी 38378, तृतीय पुरुस्कार फ्रिज 180 लीटर हायर 57978, चतुर्थ पुरस्कार एलईडी हायर 38658, पंचम पुरुस्कार वाशिंग मशीन हायर कूपन नम्बर 12293 एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में मिलने वाले उपहारों के लिए अंतिम तीन अंक 659 निकला हैं।

समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि बीते 23 वर्षों से अनवरत नवरात्र पर्व पर समिति द्वारा इस भव्य इनामी कूपन योजना के तहत मातारानी के भक्तों के लिए कूपन योजना चलाई जाती हैं। जहाँ पर मातारानी के भक्तों को हर वर्ष मातारानी के आशीर्वाद से लाखों रुपये के उपहार प्राप्त होते हैं। इस वर्ष भी मातारानी ने अपने भक्तों पर कृपा बरसाई हैं। उन्होंने कहा कि इस कूपन योजना के तहत हर वर्ष बिल्कुल ही निष्पक्ष तरीके से ही सभी उपस्थित लोंगों के सामने खुले तौर पर योजना का ड्रा बीते 23 वर्षों से निकाला जा रहा हैं और शरद पूर्णिमा अवसर पर इसी तरह से हर वर्ष बॉलीवुड के सिंगरों कलाकारों और इंडियन आइडियल के कलाकारों को मंच प्रदान कर लोंगों का स्वस्थ मनोरंजन किया जाता हैं और आगे भी भक्तों की मांग पर निरंतर ऐसे ही कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएँगा। उन्होंने बताया कि जिन भक्तों को प्रसाद स्वरूप मातारानी का उपहार प्राप्त हुआ है, वे समिति के सदस्यों से या जिस स्थान से कूपन प्राप्त किया हैं, वहाँ पर अपने कूपन ले जाकर संपर्क कर सकते हैं।

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली ईमानदारी एवं पारदर्शिता की शपथ

मॉयल बालाघाट खान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी मॉयल लिमिटेड की बालाघाट खान में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 01 नवंबर 2026 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' (Probity for Prosperity) रखा गया है। सप्ताह के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों को कार्यस्थल पर ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर बालाघाट खान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान खान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों ने अपने निर्धारित दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा कार्यों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की



शपथ ली। सभी ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली में भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता रखते हुए नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया।

यह आयोजन मॉयल लिमिटेड मुख्यालय, नागपुर के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.डी. गजगाटे एवं उप-मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री गौरव कुमार बैसखियार के दिशानिर्देशन में किया गया। समारोह में बालाघाट खान के अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक (खान), समूह-1 श्री यू.एम. भुजाड़े, खान प्रबंधक श्री विवेक कुमार, सतर्कता अधिकारी श्री पवन कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री समीर बेनर्जी, सहायक महाप्रबंधक (वित्त) श्री मोहसीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संस्थान की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता मजबूत करने में सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित होने से न केवल संस्थागत व्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि कर्मचारियों और आमजन का विश्वास भी बढ़ता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य भी कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग करते हुए पारदर्शी एवं भ्रष्टाचारमुक्त कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना है।

बालाघाट खान में सप्ताह के दौरान सतर्कता एवं नैतिक आचरण से जुड़े विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मॉयल की कार्यसंस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान दें।

संयोजक राजेश नगपुरे के निधन से शोक
ग्राम जाम में इस वर्ष नहीं होगा विशाल रामचरित मानस सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में धनतेरस के पावन पर्व पर आयोजित होने वाला प्रसिद्ध 'विशाल रामचरित मानस सत्संग सम्मेलन' इस वर्ष स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और मंच संचालक श्री राजेश जी नगपुरे के आकस्मिक निधन के चलते लिया गया है।विगत 20 वर्षों से लगातार गरिमापूर्ण तरीके से आयोजित हो रहे इस धार्मिक महाकुंभ के टलने से क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं में निराशा है, वहीं श्री नगपुरे के चले जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर 2026, दिन गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे उनका अचानक निधन हो गया था।विशाल रामचरित मानस सम्मेलन समिति जाम के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर जी चुरहे और सचिव श्री योगेश लिल्हारे ने बताया कि श्री नगपुरे का निधन समिति और पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस दुखद घड़ी के कारण आगामी 6 नवंबर 2026, दिन शुक्रवार (धनतेरस) को होने वाले भव्य सम्मेलन को स्थगित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।समिति के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष कार्यक्रम नहीं होगा, लेकिन आगामी वर्ष में यह धार्मिक आयोजन पुनः अपने निर्धारित समय पर पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

कई प्रतिष्ठानों को स्वच्छता संबंधी सुधार नोटिस, खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे; एक्सपायरी सामग्री नष्ट कराई

त्योहारों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, लांजी में होटलों और मिठाई दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। आगामी त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा लांजी क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न होटलों और मिठाई दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं, कुछ प्रतिष्ठानों के किचन और स्टोर रूम में गंदगी एवं अस्वच्छता पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किए गए। एक जनरल स्टोर से लगभग दो हजार रुपये मूल्य की एक्सपायरी खाद्य सामग्री भी नष्ट कराई गई।

निरीक्षण के दौरान लांजी बस स्टैंड स्थित श्री नैवेद्यम होटल रेस्टोरेंट के किचन और स्टोर रूम में गंदगी एवं अस्वच्छता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। यहां से खोवा का पेड़ा, मगज के लड्डू और उपयोग किए जा चुके कुकिंग ऑयल के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए एकत्रित किए गए।

इसी तरह बस स्टैंड स्थित होटल शिवराज के किचन की स्थिति स्वच्छ पाई गई, लेकिन स्टोर रूम में गंदगी और अस्वच्छता मिलने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। होटल से मैदा, कुकिंग ऑयल और खोवा पेड़ा के नमूने लिए गए। सुभाष चौक स्थित बीकानेर स्वीट्स से कलाकंद और मिल्क केक के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए।

लांजी बस स्टैंड स्थित ओम जनरल स्टोर्स की जांच के दौरान लगभग दो हजार रुपये मूल्य की एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाई गई, जिसका विनष्टीकरण कराया गया। खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की



अनियमितता न करें तथा गुणवत्ताहीन और एक्सपायरी खाद्य सामग्री का विक्रय न करें।

भानेगांव स्थित ठाकरे होटल के किचन में गंदगी एवं अस्वच्छता पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। यहां से मावा पेड़ा और नमकीन सेव के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं, बीकानेरी राजपुरोहित स्वीट्स से कलाकंद और मिल्क केक के नमूने एकत्रित किए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सभी एकत्रित खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच में नमूने अमान पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जारी किए गए नोटिस के जवाब और सुधार की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य पदार्थों के रखरखाव, स्वच्छता और गुणवत्ता संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। लांजी एवं भानेगांव में यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार डोंगरे एवं श्रीमती गीता टांडेकर द्वारा की गई है।

एक नवम्बर से बिठली में लेदर बॉल प्रतियोगिता का आयोजन

वारासिवनी। मध्यप्रदेश के 71 वें स्थापना दिवस पर वारासिवनी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द के ग्राम बिठली रामपायली में एक नवंबर से लेदर बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन न्यू स्टार क्रिकेट क्लब बिठली द्वारा क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी के विशेष आतिथ्यए, नामदेव राऊत प्रदेश सचिव मप्र पंचायत संगठन के प्रमुख आतिथ्य एवं ग्राम पंचायत सरपंच फागुलाल मरठे की अध्यक्षता में शुभारंभ किया जा रहा हैं।

वन ग्रामों में रोशनी की नई उम्मीद : 14 दिवसीय विशेष अभियान के तहत ऊर्जा विभाग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला कलेक्टर बालाघाट के निर्देशानुसार प्रभावित 100 वन ग्रामों के चौमुखी विकास हेतु चलाए जा रहे 14 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत ऊर्जा विभाग की टीम ने 26 अक्टूबर को मैदानी निरीक्षण किया।अधीक्षण अभियंता बालाघाट के मार्गदर्शन में टीम ने विकासखंड किरनापुर के ग्राम पंचायत बक्कर के ग्राम सीतापार, बोरबन एवं बोरटोला में विद्युत व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य घरेलू कनेक्शन, कृषि पंप, ट्रांसफार्मर, LT लाइन एवं स्ट्रीट लाइट की स्थिति का आंकलन कर कमियों को चिह्नित करना था। इस दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी गईं।निरीक्षण दल में कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे, सहायक अभियंता श्री हुकुमचंद यादव एवं किरनापुर वितरण केंद्र के सहायक अभियंता श्री संदीप सहारे सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

ग्राम सीतापार -यहां 35 घरेलू, 1 पंप एवं 4 पंप टीसी कनेक्शन हैं। 25 KVA का एक ट्रांसफार्मर माटे उपकेंद्र के भालवा 11 KV फीडर (4.5 किमी) से जुड़ा है। 18 LT पोल हैं, पर स्ट्रीट लाइट नहीं है। विभाग ने अतिरिक्त 63 KVA ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वहीं ग्राम बोरबन में 9 घरेलू कनेक्शन, 25 KVA का 1 ट्रांसफार्मर, 11 LT पोल हैं। भालवा फीडर की दूरी 11 किमी है। स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता चिह्नित की गई। ग्राम बोरटोला में 8 घरेलू व 2 पंप टीसी कनेक्शन, 25 KVA ट्रांसफार्मर, 6 LT पोल हैं। फीडर दूरी 7 किमी। यहां भी स्ट्रीट लाइट की जरूरत पाई गई।सुकल दल टोला में सौर ऊर्जा से रोशनी की पहल ग्राम पंचायत बक्कर के सुकल दल टोला में बसी 12 परिवारों की नई बस्ती में अभी लाइन नहीं पहुंची है। यह परिवार 1-1.5 वर्ष पहले यहां बसे हैं। टीम ने यहां सौर ऊर्जा से विद्युत आपूर्ति की संभावना पर अक्षय ऊर्जा अधिकारी को प्रस्ताव भेजा है।ऊर्जा विभाग ने स्पष्ट किया कि सर्वे के आधार पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केबल एवं स्ट्रीट लाइट के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे, ताकि अंतिम वन ग्राम तक रोशनी पहुंचे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल
आपके एक वोट की ताकत से हम क्षेत्र की समस्या विधानसभा में रखते है-विवेक पटेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। लोकतंत्र में सबसे बड़ी जनता है और मैं क्षेत्र की जनता को भगवान स्वरूप मानता हूं। आप लोगों की ताकत ने मुझे आशीर्वाद देकर विधानसभा तक पहुंचाया है। अब मेरी जवाबदेही है कि अन्तिम सांस तक पूरी कत्र्तव्य परायणता के साथ आपके द्वारा बताए गए कार्य को पूरा करूं। मै विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव-गांव में पहुँच कर आमजन की समस्याओं को सुन रहा हूं और कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान भी कर रहा हूं। मुझसे मिलने के लिए आपको कोई रोकने वाला नहीं है। आप मुझसे सीधे आकर मिल सकते हो। आपका जो भी काम हो, मुझे बता सकते है। ताकि मै आपके द्वारा बताए गए कार्य को पूरा करूं।

यह उद्गार क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल ने ग्राम पंचायत भेंड़ारा, घोटी और सालेटेका में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से कही। इस दौरान डोंगरमाली ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू राजपूत, राजकुमार चौधरी, संदेश बिसेन, संगम नगपुरे, सूरज नगपुरे, टीकाराम सुलाखे, अरविंद बंसोड़, टिकेंद्र पटले, ईश्वरी दामनकर, कोमल भाऊ लिल्हारे, महेंद्र बिसेन, संजू भगत मौजूद रहे।

विधायक विवेक पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनसेवा का रहा है। गांवों में किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण के लिए संघर्ष करना है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के मूलभूत अधिकारों और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देती रही है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्षरत है।